पाठ 10. दादी की भाषा (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में तदनुरूपता संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे अपरिचित परिस्थितियों में जीवन को समझने में सक्षम हो सकें। नए ज़माने की चीज़ें अच्छी भी हैं और आराम पहुँचाने वाली भी। दादी उन चीज़ों का सुख लेती हैं लेकिन उन्होंने उन चीज़ों के नाम अपनी सुविधा, अपने आराम के लिए अपनी भाषा में रख लिए हैं। इन नामों में जो मिठास है, वह अनूठी है।

अध्यापन संकेत

यह कविता केवल पठन के लिए है। कविता से संबंधित प्रश्न बच्चों से अवश्य पूछें। दादी अटपटी भाषा क्यों इस्तेमाल करती हैं, उसके पीछे तर्क क्या है, यह बच्चों से जानने की चेष्टा करें। बच्चों से दादा-दादी या नाना-नानी से जुड़े संस्मरणों के बारे में पूछें।